# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने के महत्व को रेखांकित किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक की रेपो दर घटाकर छह प्रतिशत हो गई है।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वीपसमूह के छः दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचे।
- पुस्तक मेले में शिक्षा विभाग की ओर से विशेष ब्रेल पुस्तकों का वितरण किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वंदेशी उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने के महत्व को रेखांकित किया।

नवकार महामंत्र के महत्व के बारे में बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह मंत्र विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। श्री मोदी ने लोगों से नौ संकल्प करने का आह्वान किया। ये नौ संकल्प हैं – जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, स्व़देशी उत्पादों को अपनाना, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, स्वस्थ जीवन शैली, योग और खेल तथा जरूरतमंदों की सहायता करना। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नए अवसरों की तलाश कर रहा है और विश्व को आध्यात्म का मार्ग का प्रशस्त कर रहा है। विकसित भारत अभियान का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ – विकास और विरासत के विकास से है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। स्टेण्डिंग डिपोजिट फैसेलिटी–एसडीएफ दर पांच दशमलव पांच सात प्रतिशत की गई है। मार्जिनल स्टेण्डिंग फैसेलिटी दर और बैंक दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत पर समायोजित की गई है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि 2025–26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव सात प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव पांच प्रतिशत किया गया है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एआई नई औद्योगिक क्रांति है। उन्होंने हितधारकों से डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के साथ एआई को एकीकृत करने के बारे में विचार साझा करने का आग्रह किया। दिल्ली में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने कहा कि आधार कई पहलों का 'आधार' है। इस अवसर पर प्राधिकरण ने सुरक्षित डिजिटल सत्यापन और क्यूआर–आधारित डेटा साझाकरण के लिए नया आधार ऐप शुरु किया।

<><><><><><><>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण– ट्राई ने सूचित किया है कि वह संदेशों या अन्य माध्यमों से मोबाइल नंबर बंद करने के बारे में ग्राहकों से संवाद नहीं करता है। संचार मंत्रालय ने बताया कि हाल में कई रिपोर्ट्स आई हैं कि कुछ धोखेबाज़ ट्राई के अधिकारी बनकर टेलीफोन कॉल या संदेशों के माध्यम से उपभोक्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ये धोखेबाज अवैध गतिविधियों में शामिल होने और पैसे ऐंठने के लिए मोबाइल कनेक्शन बंद करने की धमकी देते हैं। ट्राई ने उपभोक्ताओं से ऐसी धमकियों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया है। नागरिकों को दूरसंचार विभाग के संचार साथी प्लेटफॉर्म पर चक्षु सुविधा के माध्यम से संदिग्ध धोखाधड़ी वाले संचार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म को sancharsaathi.gov.in/sfc/ पर खोला जा सकता है। साइबर अपराध के पीड़ित इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर '1930' पर या आधिकारिक वेबसाइट cybercrime.gov.in के माध्यम से कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वीपसमूह के छः दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचे। दौरे के दौरान न्यायाधीश द्वीपों के मुख्य पर्यटक स्थलों का दौरा करेंगे। कल वे स्वराज द्वीप के दौरे पर रहेंगे। अपना दौरा पूरा कर वे चौदह अप्रैल को मुख्य भूमि वापस लौटेंगे।

<><><><><><><>

समावेशी शिक्षा और सुगमता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शिक्षा विभाग ने नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ मिलकर अंडमान निकोबार पुस्तक मेले में एक विशेष ब्रेल पुस्तक वितरण अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन के स्वामी ओमकारात्मा नंदजी महाराज और शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने भाग लिया। शिक्षा निदेशक ने अपने संबोधन में दृष्टिबाधित छात्रों को सशक्त बनाने में ब्रेल पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और द्वीपसमूह में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट से अपना सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने समावेशी शिक्षा पर एनबीटी के प्रयासों की सराहना की। स्वामी ओमकारात्मा नंदजी महाराज ने समावेशी ज्ञान से उत्पन्न आध्यात्मिक और शैक्षिक सशक्तिकरण पर भी अपने विचार साझा किए और एनबीटी की पहल की सराहना करते हुए इसे दयालु और प्रबुद्ध समाज के निर्माण की दिशा में एक कदम बताया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में हाल ही में जलीय कृषि विशेषज्ञ शुभम देबरॉय, और नींबूडेरा कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी दामोदरन ने क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने रंगत और मायाबंदर ब्लॉकों में प्रमुख जलकृषि स्थलों का दौरा कर प्रभावित किसानों के तालाबों का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि अचानक और अत्यधिक वर्षा के कारण क्षेत्रों के मछली तालाबों में पानी की गुणवत्ता के मापदंडों में हुए बदलाव के कारण मछलियों को नुकसान दौरे के दौरान, श्री देबरॉय ने किसानों को तत्काल उपचारात्मक उपायों पर सलाह दी, जिसमें आस–पास के धान के खेतों से पानी के प्रवाह को रोकने के लिए तालाब की मेड़ को मजबूत करना और तालाब की स्थिर स्थिति बनाए रखना शामिल है।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए आज स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने टुसनाबाद, मानपुर, हरपटाबाद, तिरूर और कोलीनपुर के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घरों के आस–पास सफाई बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी छात्रों से खुद को फिट रखने और जल संरक्षण पर भी जोर दिया। दौरे के दौरान उनके साथ उप–प्रधानाचार्य डॉ मदन लाल सिंह और प्रधानाध्यापक दीपक कर्माकर उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कोचिंग शिपयार्ड लिमिटेड में कार्यालय परियोजना सहायक के पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार आज से आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि अट्ठाईस अप्रैल है। श्री विजयपुरम के जहाज मरम्मत इकाई में अनुबंध के आधार पर इस पद पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इस पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से साठ प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इसके अलावा उम्मीदवारों को कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अनधिकृत संरचनाओं को हटाना और सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमणमुक्त करना है। हाल ही में श्री विजयपुरम तहसील के राजस्व अधिकारियों ने दुध लाइन गांव में घेराबंदी और एक अस्थायी अनधिकृत संरचना को हटाया और कुल 1000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया। जिला प्रशासन ने जनता से अवैध अतिक्रमण से दूर रहने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>